इंदौर, बुधवार 19 नवंबर 2014

नया ज़माना नया अखबार

पीपुल्स समाचार {05}

सायबर सुरक्षा 'संदेश' अभियान पर 69वीं कार्यशाला

इंदौर। बढ़ते सायबर अपराध से कैसे बचा जाए। इसको लेकर इन्डस वर्ल्ड स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने एक्सपर्ट से कई सवाल पूछे। सायबर सुरक्षा अभियान के तहत 69वीं कार्यशाला का आयोजन इन्डस वर्ल्ड स्कूल के सभागृह में आयोजित हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं के साथ 8 फेकल्टी भी शामिल हुए। इन्हें सायबर सुरक्षा नियमों व प्रक्रियाओं के संबंध में जागरूक किया। निरीक्षक राजेंद्र वर्मा ने बताया कि पीआरटीएस के निदेशक व अभियान के प्रेणता वरुण कपूर ने छात्रों को कहा कि आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करें व गलती करने से कैसे बचें। छात्रों ने भी सायबर अपराध संबंधी कई सवाल पूछे। कार्यक्रम में दो छात्रा यशस्वी जसवानी एवं सौम्या धवाले को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुदीप गोयनका, पुलिस अधीक्षक, पीआरटीएस भी उपस्थित थीं।